समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# वर्षों से ठप पड़ी रियल एस्टेट परियोजनाएं इन मॉडलों से हो रहीं है पूंरी, जानिए कैसे।

Publisher

Published on 23 May 2025



## रिवर्स इनसॉल्वेंसी, नए प्रबंधन और अधिग्रहण जैसे मॉडलों से अधूरी परियोजनाओं को मिल रही नई जान।

**नोएडा, 23 मई 2025**: **रियल एस्टेट सेक्टर** में लंबे समय से अधूरी और बंद पड़ी परियोजनाओं की समस्या से जूझ रहे घर खरीदारों के लिए अब राहत की खबर है। **रिवर्स इनसॉल्वेंसी, नए प्रबंधन** और **अधिग्रहण** जैसे मॉडलों के माध्यम से कई वर्षों से रुकी हुई परियोजनाओं में दोबारा निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

**1. रिवर्स इनसॉल्वेंसी मॉडल से पुनरुद्धार**
**आरजी ग्रुप** द्वारा अपनाया गया यह मॉडल एक उदाहरण बनकर उभरा है। कंपनी ने **एनसीएलटी से रिवर्स इनसॉल्वेंसी** प्रक्रिया के तहत वापस आकर अपने दोनों प्रोजेक्ट्स पूरे किए। कंपनी के निदेशक **हिमांशु गर्ग** के अनुसार यह नोएडा क्षेत्र की पहली कंपनी है जिसने **1,452 यूनिट्स का ओसी (Occupancy Certificate)** प्राप्त कर लिया है।

**2. नए प्रबंधन के जरिए पुनः निर्माण**
**डिलिजेन्ट बिल्डर्स ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट** में वर्षों से अधूरी अंतरिक्ष वैली परियोजना को नई जान दी। नए प्रबंधन ने फंडिंग की व्यवस्था, प्राधिकरण का बकाया चुकाया और पुरानी गलतियों को सुधारकर निर्माण कार्य पुनः शुरू किया। कंपनी के **सीओओ ले. क. अश्वनी नागपाल (सेवानिवृत्त)** ने बताया कि इस प्रक्रिया में उन्हें सरकार की सकारात्मक नीतियों और अमिताभ कांत कमेटी की सिफारिशों का सहयोग मिला।

**3. अधिग्रहण मॉडल से दोबारा जीवन**

**रेनॉक्स ग्रुप** ने निवास प्रमोटर्स का अधिग्रहण कर **रेनॉक्स थ्राइव** परियोजना की शुरुआत की। कंपनी ने सभी बकायों का निपटारा किया और रेरा से पूर्व परियोजना को रद्द कर नई परियोजना लॉन्च की। **चेयरमैन शैलेन्द्र शर्मा** ने बताया कि इस प्रक्रिया से न केवल सरकारी राजस्व पुनः सर्कुलेशन में आया बल्कि हजारों रोजगार के अवसर भी पैदा हुए।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.